Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to empower Panchayats to use the fund allocated under 15th Finance Commission at their own level in basic development works.

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूँ।

सभापति महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा गाँवों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण एवं विकास हेतु 13वें और 14वें वित्त आयोग की राशि गाँवों को मिली है। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विगत वर्षों में उक्त राशि को स्वयं के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं में खर्च किया गया है। इस प्रकार से खर्च किए जाने से गाँवों की जो छोटी-छोटी मूलभूत समस्याएं हैं, जैंसे गली-सड़क की मरम्मत, बिजली और पानी की व्यवस्था आदि के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पंचायत के खाते में राशि नहीं होने से आज पंचायत असहाय महसूस कर रही हैं।

अत: मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र के ग्रामीण विकास विभाग से आग्रह है कि पंचायतों को और अधिकार प्रदान करते हुए 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग पंचायत को अपने स्तर पर करने दिया जाए। ग्राम पंचायत की छोटी-छोटी मूलभूत समस्याओं के समाधान एवं विकास के लिए उस राशि का उपयोग किया जाए। ग्राम पंचायत को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए अधिकार प्रदान किये जाएं, ऐसी मेरी माँग है। बहुत-बहुत धन्यवाद।